# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 19 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

# Q. हाल ही में राजस्थान के जयपुर में सोलर एंड स्टॉरेज कॉन्फेक्स 2025 का आयोजन कब किया जाएगा?

(A) 20 जून
(B) 25 जून
(C) 22 जून
(D) इनमें से कोई नही

*♦सोलर एंड स्टॉरेज कॉन्फेक्स 2025 का आयोजन 20 जून को द ललित जयपुर में किया जाएगा।*

*♦इस सम्मेलन में प्रमुख सरकारी अधिकारियों सहित सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र के अग्रणी उद्योग प्रतिनिधि भाग लेंगे।*

*♦यह सम्मेलन राज्य की ऊर्जा विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। आयोजन का नेतृत्व सोलर क्वार्टर की ओर से किया जा रहा है।*

01. हाल ही में साहित्य अकादमी द्वारा राजस्थानी भाषा में साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2025 के लिए किसे चुना गया है?

(a) राजीव शर्मा

(b) पूनम चंद गोदारा

(c) सवाई सिंह गहलोत

(d) इनमें से कोई नही .



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ साहित्य अकादमी द्वारा राजस्थानी भाषा मे बीकानेर के पूनम चंद गोदारा को उनकी कृति "अंतस रै आंगणे (कविता) के लिए साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2025 मिला है

♦23 भाषाओं के लेखकों के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2025 की घोषणा की गयी है

♦विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक और 50,000 रु. की राशि बाद में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में प्रदान किए जायेंगे।

♦इससे पहले पूनम चंद गोदारा को 2024 के लिए दुर्गेश युवा साहित्यकार पुरस्कार भी मिल चुका है

02. जयपुर में चल रही 34वीं सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान के गुरप्रीत सिंह ने कौनसा पदक जीता है?

(A) रजत पदक

(B) स्वर्ण पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ 14 से 19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जा रहा है

♦ राजस्थान के गुरप्रीत सिंह ने जीता पहला पदक, ताईची जियान में जीता रजत पदक

राजस्थान के आनंद सैनी ने ननदाउ में सिल्वर मेडल जीता।

♦इससे पहले आनंद ने ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया था।

♦राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया

**03. राजस्थान में 11 व 12 दिसंबर को 'राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(a) उदयपुर

(b) कोटा

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦11 व 12 दिसंबर को जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन किया जाएगा।

♦यह कॉन्क्लेव राजस्थान को निवेश की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का नया केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा

♦राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में हुए एमओयू की प्रगति का लेखा-जोखा इस आयोजन में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे निवेशकों को प्रदेश में आई औद्योगिक एवं आर्थिक प्रगति की जानकारी मिलेगी।

♦यह आयोजन 2026 में प्रस्तावित अगले ग्लोबल समिट के लिए भी एक विजन दस्तावेज पेश करेगा

04. अरावली पर्वत श्रृंखला को क्षरण से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट शुरू किया है, इसमें राजस्थान के कितने जिले शामिल है?

(A) 29

(B) 19

(C) 15

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦अरावली पर्वत श्रृंखला को क्षरण से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसके तहत गुजरात के पोरबंदर से पानीपत तक 1400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी ग्रीन वॉल बनाई जाएगी।

♦इसमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और दिल्ली के 29 जिले शामिल हैं। सबसे ज्यादा 19 जिले राजस्थान के हैं।

♦ सबसे ज्यादा क्षरण भी उदयपुर जिले में हुआ है। अकेले उदयपुर में ही अरावली पर्वत श्रृंखला का क्षरण गुजरात, हरियाणा और दिल्ली से ज्यादा हुआ है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक भारत में 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को पुनर्जीवित करना और जलवायु लक्ष्यों को हासिल करना है।

**05. राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के पहले लिक्विफाईड नेचुरल गैस  स्टेशन की स्थापना कहां होगी?**

(A) आमेर

(B) नीमराना

(C)  भिवाड़ी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के पहले लिक्विफाईड नेचुरल गैस (एलएनजी स्टेशन) की स्थापना कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नीमराना में होगी

♦ प्लांट लगने से एलएनजी वाहनों की भविष्य की ईंधन मांग को राज्य से ही पूरा किया जा सकेगा।

♦ नीमराना रीको एरिया में 56 किलो लीटर भण्डारण क्षमता के दो स्टॉरेज टैंक के साथ ही एलएनजी उपलब्ध कराने के लिए डिस्पेंसर लगाये जाएंगे। इस पर लगभग 15 करोड़ रु. की लागत आयेगी।

♦ गैल गैस के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा एलएनजी स्टेशन की स्थापना अग्रणी कदम है।

06.राजस्थान में किस सांसद को फूड कॉरपोरेशन इंडिया की सलाहकार समिति का राजस्थान का अध्यक्ष नियुक्त किया है?

(A) हनुमान बेनीवाल

(B) दामोदर अग्रवाल

(C) गजेन्द्र सिंह शेखावत

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को फूड कॉरपोरेशन इंडिया की सलाहकार समिति का राजस्थान राज्य का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

♦सासंद अग्रवाल लोकसभा में सचेतक भी है व रेल्वे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य के साथ-साथ पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की केंद्रीय परामर्शदात्री समिति में भी सदस्य है।

♦अग्रवाल सांसदों के वेतन-भत्ते पेंशन कमेटी के भी सदस्य हैं।

**07. हाल ही में देश में पहली बार पोटाश खनन की शुरुआत किस राज्य से हुई है?**

(a) राजस्थान

(b) हरियाणा

(c) मध्यप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥देश में पहली बार पोटाश खनन की शुरुआत राजस्थान से
राजस्थान के बीकानेर और हनुमानगढ़ जिले में पोटाश के भंडार

♦ बीकानेर के श्री डूंगरगढ़ तहसील के लाखासर में तथा हनुमानगढ़ के रावतसर तहसील के भरूसरी क्षेत्र में पोटाश के भंडार उपलब्ध हैं।

♦ राजस्थान में देश का 95% पोटाश भंडार है।

08.प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राजस्थान में कितने करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे?

(A) 5 हजार करोड़

(B) 3 हजार करोड़

(C) 2 हजार करोड़

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 64 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

♦ इसके तहत राजस्थान में 3 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मात्र दस साल में राजस्थान में 23 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए है।

♦आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 63 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है

**09. हाल ही में 51वां G7 शिखर सम्मेलन (2025) कहां आयोजित किया गया था?**

(a) टोक्यो, जापान

(b) रोम, इटली

(c) कनानास्किस, कनाडा

(d) बर्लिन, जर्मनी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦51वां G7 शिखर सम्मेलन 15 से 17 जून, 2025 के बीच कनाडा के कनानास्किस, अल्बर्टा में आयोजित किया गया।

♦यह आयोजन G7 की पहली बैठक की 50वीं वर्षगांठ का प्रतीक था और प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के लिए पहला बड़ा वैश्विक आयोजन भी था।

♦कनाडा ने 1 जनवरी 2025 से G7 की अध्यक्षता संभाली थी।

**10. वर्ल्ड क्रोकोडाइल डे प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**

(a) 5 जून

(b) 17 जून

(c) 22 मई

(d) 12 अगस्त

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦वर्ल्ड क्रोकोडाइल डे हर साल 17 जून को मनाया जाता है ताकि मगरमच्छ, घड़ियाल और एलिगेटर जैसे प्राचीन जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

♦ इन प्रजातियों को अवैध शिकार, निवास स्थान की हानि और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कई प्रजातियाँ संकटग्रस्त हो चुके हैं।

♦ यह दिवस पहली बार 2017 में मनाया गया था।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में जयपुर में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन कब होगा?**

(A) 02 अक्टूबर
(B) 25 सितंबर
(C) 10 दिसम्बर
(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine